# Rajasthan Gk Previous  Questions - 13

**परिक्षापयोगी : जेल प्रहरी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, पशुधन सहायक, REET 2025**

## अध्याय-1 18वीं सदी का राजस्थान

☛ **राजस्थान में मराठों ने सर्वप्रथम कब प्रवेश किया?**
(1) 1707 ई. (2) 1720 ई.
(3) 1710 ई. (4) 1711 ई. (4)

**व्याख्या**–राजस्थान में मराठों ने सर्वप्रथम 1711 ई. में मेवाड़ में प्रवेश किया।

☛ **1720 ई. में किस पेशवा ने मराठा ध्वज 'अटक से कटक तक' फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया?**
(1) पेशवा महादजी सिंधिया (2) शिवाजी
(3) पेशवा बाजी राव (4) पेशवा बालाजी राव (3)

**व्याख्या**–1720 ई. में पेशवा बाजीराव ने मराठा ध्वज अटक से कटक तक फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया, अतः उत्तरी भारत की ओर मराठा अग्रसर होने लगे।

☛ **3 अप्रेल, 1734 ई. में मराठों ने किसे बूँदी का शासक बनाया?**
(1) दुर्जनसाल (2) राव बून्दा
(3) बुध सिंह (4) राव बख्त सिंह (3)

**व्याख्या**–22 अप्रेल, 1734 ई. को मराठों ने बूँदी के शासक बुद्धसिंह को वहाँ का शासक पुनः बना दिया।

☛ **मराठों ने कोटा व बूँदी पर आक्रमण कब किया?**
(1) 1720 ई. (2) 1734 ई.
(3) 1726 ई. (4) 1728 ई. (3)

**व्याख्या**–1728 ई. में डूँगरपुर व बाँसवाड़ा के शासकों ने खिराज देना स्वीकार किया।
- **खिराज**–कृषि भूमि पर लगने वाला कर

☛ **मराठा शक्ति को सर्वप्रथम ------ ने संगठित किया–**
(1) पेशवा बाजीराव (2) शिवाजी
(3) महादजी सिंधिया (4) पेशवा अमोल (2)

☛ **महाराणा राजसिंह द्वितीय की मृत्यु कब हुई?**
(1) 1765 ई. (2) 1760 ई.
(3) 1761 ई. (4) 1767 ई. (3)

☛ **मराठों की बढ़ती शक्ति को रोकने के लिए हुरड़ा सम्मेलन कब आयोजित किया गया?**
(1) 17 जनवरी, 1734 (2) 17 जुलाई, 1734
(3) 17 अक्टूबर, 1734 (4) 17 नवम्बर, 1734 (2)

**व्याख्या**–मराठों की बढ़ती शक्ति को रोकने के लिए राजस्थान के राजपूत राजाओं ने 17 जुलाई, 1734 ई. में हुरड़ा (भीलवाड़ा) में एक सम्मेलन का आयोजन किया।

☛ **मराठों की बढ़ती शक्ति को रोकने के लिए हुरड़ा सम्मेलन का आयोजन किया गया। हुरड़ा राजस्थान के किस जिले में है–**
(1) सवाईमाधोपुर (2) अलवर
(3) भीलवाड़ा (4) राजसमंद (3)

☛ **हुरड़ा सम्मेलन निम्न में से किस शासक ने भाग नहीं लिया?**
(1) सवाई जयसिंह (2) अभय सिंह
(3) दुर्जन साल (4) बुद्ध सिंह (4)

☛ **निम्न में से कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है–**

| राजा का नाम | संबंधित क्षेत्र |
|---|---|
| (1) महाराव दुर्जनसाल | कोटा |
| (2) अभयसिंह | जोधपुर |
| (3) बख्तसिंह | अलवर |
| (4) सवाई जयसिंह | आमेर |

(3)

**व्याख्या**–बख्त सिंह नागौर के शासक थे।

☛ **हरगोविन्द नाटाणी किसका सेनापति था?**
(1) महाराणा जगत सिंह (2) माधो सिंह
(3) ईश्वरी सिंह (4) अमर सिंह द्वितीय (3)

☛ **हुरड़ा सम्मेलन में एक अहदनामा तैयार किया गया। इस अहदनामा के तहत वर्षा ऋतु के पश्चात किस स्थान पर सभी राजाओं ने एकत्र होने का संकल्प लिया?**
(1) हुरड़ा (2) रामपुरा
(3) आमेर (4) जोधपुर (2)

☛ **पेशवा बाजीराव ने राजस्थान नीति का आंकलन करने के लिए किसे राजस्थान की तीर्थ यात्रा पर भेजा?**
(1) राधाबाई (2) हीरबाई
(3) धीरबाई (4) कमलाबाई (1)

**व्याख्या**–पेशवा बाजीराव ने राजस्थान नीति का आंकलन करने के लिए अपनी माता राधाबाई को 1735 ई. में राजस्थान में तीर्थ यात्रा पर भेजा। अपनी माता के सम्मान सहित सकुशल लौट आने पर पेशवा बाजीराव अगले ही वर्ष राजस्थान के दौरे पर आये व यहाँ से चौथ वसूली की।
- **चौथ**–मराठों द्वारा अन्य शासकों से लिया जाने वाला सुरक्षा कर

- जोधपुर ( मारवाड़ ) में मराठों के समय उत्तराधिकारी संघर्ष किनके मध्य हुआ?
  (1) रामसिंह व ईश्वरी सिंह
  (2) बख्तसिंह व अभय सिंह
  (3) रामसिंह व बख्तसिंह
  (4) रामसिंह व अभयसिंह (3)
- उदयपुर के महाराणा अमर सिंह द्वितीय की पुत्री चन्द्रकुंवरी बाई का विवाह किसके साथ हुआ?
  (1) सवाई जयसिंह
  (2) महाराणा जगत सिंह
  (3) ईश्वर सिंह
  (4) रामसिंह (1)

**व्याख्या**—उदयपुर के महाराणा अमर सिंह द्वितीय की पुत्री चन्द्रकुंवरी बाई का विवाह सवाई जयसिंह के साथ 1708 ई. में इस शर्त पर हुआ कि मेवाड़ की राजकुमारी से उत्पन्न पुत्र ही जयपुर के सिंहासन पर बैठेगा।

- सवाई जयसिंह की मृत्यु कब हुई?
  (1) 1708 ई.
  (2) 1743 ई.
  (3) 1760 ई.
  (4) 1750 ई. (2)

**व्याख्या**—सवाई जयसिंह (जन्म 3 नवम्बर, 1688 ई. आमेर, मृत्यु 21 सितम्बर, 1743 ई.) आमेर का वीर और बहुत ही कूटनीतिज्ञ राजा था।

- 'राजमहल' व 'बगरू' का युद्ध किनके मध्य हुआ?
  (1) महाराणा जगत सिंह व माधोसिंह
  (2) माधोसिंह व रामसिंह
  (3) ईश्वरी सिंह व महाराणा जगत सिंह
  (4) ईश्वरी सिंह व माधोसिंह (4)

**व्याख्या**—राजमहल युद्ध जयपुर के उत्तराधिकार को लेकर 1 मार्च, 1947 को सवाई जयसिंह के दोनों पुत्रों ईश्वरी सिंह व माधोसिंह के मध्य लड़ा गया था। इसमें ईश्वरी सिंह विजयी हुआ। इस विजय के उपलक्ष्य में ईश्वरी सिंह ने ईसरलाट (सरगासूली) का निर्माण करवाया।

- माधोसिंह और सवाई ईश्वरी सिंह के बीच 1748 में जयपुर के लिए 'बगरू' नामक स्थान पर युद्ध हुआ था। इसमें ईश्वरी सिंह पराजित हुए।

- मेवाड़ के महाराणा राजसिंह द्वितीय की मृत्यु के पश्चात मेवाड़ के राज-सिंहासन पर कौन बैठा?
  (1) राजसिंह तृतीय (2) अरिसिंह
  (3) रतन सिंह (4) रामसिंह (2)
- महाराणा राजसिंह की मृत्यु के पश्चात मेवाड़ में उत्तराधिकारी संघर्ष किनके मध्य हुआ?
  (1) अरिसिंह व रतनसिंह के मध्य
  (2) अरिसिंह व रामसिंह के मध्य
  (3) रतनसिंह व रामसिंह के मध्य
  (4) राजसिंह तृतीय व अरिसिंह के मध्य (1)
- राजस्थान के राज्यों में सर्वप्रथम अंग्रेजों के साथ संधि किस राज्य ने की?
  (1) सिरोही (2) भरतपुर
  (3) मारवाड़ (4) मेवाड़ (2)

**व्याख्या**—भरतपुर के महाराजा रणजीत सिंह ने 29 सितम्बर, 1803 को अंग्रेजों के साथ संधि की।

- नवम्बर, 1803 में अलवर के शासक बख्तावर सिंह व दिसम्बर 1803 में जयपुर के शासक जगत सिंह ने भी अंग्रेज कंपनी के साथ संधियां की। 1804 में धौलपुर के शासक कीरत सिंह ने भी कंपनी के साथ संधि की।

- सिरोही राज्य ने अंग्रेजों के साथ संधि पर हस्ताक्षर कब किये?
  (1) 1818 ई. (2) 1819 ई.
  (3) 1823 ई. (4) 1803 ई. (3)

- भरतपुर के लोहागढ़ दुर्ग को नष्ट कर पॉलिटिकल एजेंट के अधीन काउंसिल की नियुक्ति कब की गई?
  (1) 1826 ई. (2) 1844 ई.
  (3) 1818 ई. (4) 1803 ई. (1)
- 1844 ई. में किस महारावल की नाबालगी के कारण बाँसवाड़ा में अंग्रेजी नियंत्रण की स्थापना की गई?
  (1) महारावल लक्ष्मण सिंह (2) महारावल उग्रसेन
  (3) महारावल भवानी सिंह (4) महारावल शंभु सिंह (1)
- मेरवाड़ा बटालियन की स्थापना कब की गई?
  (1) 1822 ई. (2) 1834 ई.
  (3) 1835 ई. (4) 1841 ई. (1)
- मेवाड़ भील कोर की स्थापना कब की गई?
  (1) 1835 ई. (2) 1822 ई.
  (3) 1834 ई. (4) 1841 ई. (4)
- निम्न में से कौनसा युग्म असुमेलित है?

| बटालियन | स्थापना | |
|---|---|---|
| (1) मेरवाड़ा बटालियन | 1822 ई. | |
| (2) शेखावाटी ब्रिगेड | 1834 ई. | |
| (3) जोधपुर लीजियन | 1835 ई. | |
| (4) मेवाड़ भील कोर | 1845 ई. | (4) |

**व्याख्या**–मेवाड़ भील कोर की स्थापना 1841 ई. में की गई।

- 1857 की क्रांति का तत्कालीन कारण क्या था?
  (1) राज्य में शांति व्यवस्था के नाम पर धन वसूलना
  (2) अंग्रेजों द्वारा आम जनता को लूटना
  (3) चर्बी वाले कारतूस का प्रयोग
  (4) सामंतों की मनोदशा (3)

**व्याख्या**–भारत में 1857 की क्रांति का तात्कालिक कारण एनफील्ड राइफलों में प्रयुक्त कारतूसों में गाय व सुअर की चर्बी का प्रयोग किया गया था जिन्हें प्रयोग में लेने से पहले मुँह से खोलना पड़ता था।

- भारत में 1857 की क्रांति की शुरूआत कहाँ से हुई?
  (1) कानपुर (2) नसीराबाद
  (3) मेरठ (4) लखनऊ (3)
- भारत में 1857 की क्रांति की शुरूआत कब हुई?
  (1) 28 मई, 1857 (2) 10 मई, 1857
  (3) 21 अगस्त, 1857 (4) 3 जून, 1857 (2)

**व्याख्या**–10 मई, 1857 को क्रांति की शुरूआत मेरठ से हुई। 1857 की क्रांति का प्रतीक चिन्ह 'कमल का फूल' रोटी को चुना गया।

- 1857 की क्रांति के समय भारत का गवर्नर जनरल लार्ड कैनिंग था।
- 28 मई, 1857 को नसीराबाद छावनी में सैनिकों ने विद्रोह किया।
- 21 अगस्त, 1857 को एरिनपुरा में विद्रोह हुआ।
- 3 जून, 1857 ई. को नीमच छावनी में विद्रोह हुआ।

- खैरवाड़ा छावनी में .................... रेजीमेंट थी?
  (1) मेर रेजीमेंट
  (2) भील रेजीमेंट
  (3) 15वीं बंगाल मैटिव इन्फेन्ट्री
  (4) मेवाड़ राजपूताना रेजीमेंट (2)
- 1857 की क्रांति के दौरान पॉलिटिकल एजेंट के संबंध में निम्न में से कौनसा युग्म असंगत है–

| राज्य | पॉलिटिकल एजेंट | |
|---|---|---|
| (1) मेवाड़ | मेजर शावर्स | |
| (2) मारवाड़ | मॉक मेसन | |
| (3) जयपुर | कर्नल ईडन | |
| (4) भरतपुर | जे.डी. हॉल | (4) |

**व्याख्या**–जे.डी. हॉल सिरोही के पॉलिटिकल एजेंट थे।

- 1857 की क्रांति के समय पॉलिटिकल एजेंट–
  1. कोटा–मेजर बर्टन 2. जोधपुर–मोकमेसन
  3. जयपुर–कर्नल ईडन 4. मेजर शावर्स–उदयपुर
  5. सिरोही–जे.डी. हॉल

- 1857 की क्रांति के दौरान राजस्थान के.ए.जी.जी. कौन थे?
  (1) मैकडोनाल्ड (2) जार्ज पैट्रिक लॉरेन्स
  (3) मेजर स्पोटिस (4) मॉरिसन (2)

**व्याख्या**–राजस्थान में 1857 की क्रांति के समय ए.जी.जी. (एजेंट टू गवर्नर जनरल) सर जार्ज पैट्रिक लारेंस

- राजस्थान में ए.जी.जी. का मुख्यालय – अजमेर
- राजपूताना का पहला ए.जी.जी. – जनरल लॉकेट

☛ **1857 की क्रांति के दौरान राजस्थान में कितनी सैनिक छावनियाँ थी?**

(1) 5 (2) 6

(3) 4 (4) 7 (2)

**व्याख्या**–1857 की क्रांति के समय राजस्थान में कुल 6 सैनिक छावनियाँ थी–

1. नीमच (मध्यप्रदेश) 2. नसीराबाद (अजमेर)
3. देवली (टोंक) 4. ब्यावर (अजमेर)
5. एरिनपुरा (पाली) (6) खेरवाड़ा (उदयपुर)

**विशेष**–*खैरवाड़ा व ब्यावर सैनिक छावनियों ने 1857 के सैनिक विद्रोह में भाग नहीं लिया था।*

☛ **देवली छावनी में निम्न में से कौनसी रेजीमेंट थी?**

(1) भील रेजीमेंट (2) मेर रेजीमेंट

(3) कोटा कंटीजेन्ट (4) मेवाड़ राजपूताना रेजीमेंट (3)

**व्याख्या**–राजस्थान में सैनिक छावनियाँ व उसमें कार्यरत रेजीमेंट–

1. नसीराबाद– 15वीं बंगाल नैटिव इन्फेन्ट्री
2. नीमच–मालवा, मेवाड़ राजपूताना रेजीमेंट
3. एरिनपुरा–जोधपुर लीजियन
4. देवली–कोटा कंटीजेन्ट
5. ब्यावर–मेर रेजीमेंट
6. खेरवाडा–भील रेजीमेंट

- इन सैनिक छावनियों में 5000 भारतीय सैनिकों के अतिरिक्त कोई भी यूरोपियन सैनिक नहीं था।

☛ **19 मई, 1857 को ए.जी.जी. पैट्रिक लॉरेन्स को मेरठ विद्रोह की सूचना किस स्थान पर मिली?**

(1) पाली (2) अजमेर

(3) माउन्ट आबू (4) उदयपुर (3)

☛ **निम्नलिखित को सही सुमेलित कीजिये तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट से कीजिए–**

| सैनिक छावनी | | मुख्यालय |
|---|---|---|
| A. ब्यावर | 1. | उदयपुर |
| B. एरिनपुरा | 2. | अजमेर |
| C. खैरवाड़ा | 3. | जोधपुर |
| D. देवली | 4. | टोंक |

| कूट | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (2) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (3) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (4) | 1 | 3 | 2 | 4 |

(2)

☛ **नसीराबाद छावनी में सैनिक विद्रोह कब हुआ?**

(1) 28 मई, 1857 (2) 3 जून, 1857

(3) 21 अगस्त, 1857 (4) 8 सितम्बर, 1857 (1)

**व्याख्या**–राजस्थान में 1857 की क्रांति की शुरूआत नसीराबाद सैनिक छावनी से 28 मई, 1857 से हुई।

☛ **1857 की क्रांति के दौरान नीमच छावनी में सैनिक विद्रोह कब हुआ?**

(1) 28 मई, 1857 (2) 3 जून, 1857

(3) 21 अगस्त, 1857 (4) 18 सितम्बर, 1857 (2)

☛ **नसीराबाद सैनिक छावनी में किस अंग्रेज अधिकारी की हत्या की गई?**

A. मेजर स्पोटिस वुड B. न्यूबरी

C. मॉक मैसन

(1) केवल A (2) A व B

(3) B व C (4) A, B व C (2)

☛ **3 जून, 1857 को नीमच छावनी में किसके नेतृत्व में सैनिकों ने विद्रोह कर शस्त्रागार में आग लगा दी?**

(1) मेहराब खाँ (2) लाला जयदयाल

(3) मोहम्मद अली बेग (4) शीतल प्रसाद (3)

**व्याख्या**–3 जून, 1857 को नीमच के सैनिकों ने मोहम्मद अली बेग तथा हीरासिंह के नेतृत्व में विद्रोह किया।

- क्रांतिकारियों ने नीमच से बचकर भागे 40 अंग्रेज अधिकारियों तथा उनके परिवारजनों को डूंगला गाँव (चित्तौड़गढ़) में रूगाराम किसान के घर में बंधक बना लिया था। मेजर शावर्स ने इन अंग्रेजों को यहाँ से मुक्त करवाया था। तथा उदयपुर पहुँचाया जहाँ महाराणा स्वरूप सिंह ने इन्हें पिछोला झील के जगमंदिर में शरण दी।

☛ **नीमच सैनिक छावनी का वह कप्तान जिसने किले की रक्षा का प्रयास किया था?**

(1) मेजर शावर्स (2) मेजर स्पोटिस

(3) मेकडोनाल्ड (4) न्यूबरी (3)

☛ **नीमच के विद्रोही सैनिकों के लिए रसद की आपूर्ति .............. के जागीरदार ने की?**

(1) देवली (2) शाहपुरा

(3) हमीरगढ़ (4) बनेड़ा (2)

## परीक्षा दृष्टि

★ 'बिथौड़ा' नामक स्थान संबंधित है–
– 1857 ई. के स्वतंत्रता संग्राम से

★ 1857 ई. में आउवा के किस ब्रिटिश पॉलिटिकल एजेंट की हत्या की गई–
– कैप्टन मोंक मेसन

★ राजस्थान के कोटा राज्य में 1857 के महान (प्रथम स्वतंत्रता संग्राम) का नेतृत्व करने वाले थे– – लाला जयदयाल तथा मेहराब खाँ

★ डूँगरजी व जवाहरजी किस जिले के थे– – सीकर

★ किस छावनी के सैनिक दस्तों ने 21 अगस्त, 1857 को 'चलो दिल्ली-मारो फिरंगी' नारे के साथ बगावत की थी– – ऐरिनपुरा

★ राजस्थान के राजाओं में वह कौन शासक था जो अपनी सेना के सथ 1857 के संग्राम की सहायता हेतु राज्य से बाहर गया–
– बीकानेर

★ राजस्थान के 'द्वितीय भामाशाह' जिन्होंने रानी लक्ष्मीबाई को धन देकर मदद की थी, का नाम है– – अमरचंद बाँठिया

★ 1857 के विद्रोह के प्रति मेवाड़ के महाराणा की क्या नीति थी–
– अंग्रेजों को सहयोग

★ ब्रिटिश राज में राजपूताना के प्रथम रेजीडेंट (एजेंट टू गवर्नर जनरल) कौन थे– – मिस्टर लॉकेट

★ राजपूताना एजेंसी राजस्थान में ब्रिटिश भारतीय साम्राज्य का राजनीति कार्यालय था इसका मुख्यालय कहाँ पर था (जयपुर/माउंट आबू/उदयपुर/भरतपुर) –माउंट आबू

★ राजपूताना के उन दो प्रमुख सामंतों के नाम बताइये जिन्होंने 1857 के विद्रोह में भाग लिया– – बिशन सिंह और शिवभान सिंह

☛ **21 अगस्त 1857 ई. को शुरू हुए एरिनपुरा विद्रोह किसके नेतृत्व में हुआ?**

(1) मोतीखाँ (2) शीतल प्रसाद
(3) तिलकराम (4) उपर्युक्त सभी (4)

**व्याख्या**–जोधपुर लीजन टुकड़ी ने एरिनपुरा में विद्रोह किया और इसका नेतृत्व–मोतीखाँ, तिलकराम, सूबेदार शीतल प्रसाद ने किया।

☛ **राजस्थान की किस सैनिक छावनी के सैनिकों ने 'चलो दिल्ली, मारो फिरंगी' का नारा दिया था?**

(1) नसीराबाद छावनी (2) एरिनपुरा – छावनी
(3) खैरवाड़ा छावनी (4) देवली छावनी (2)

**व्याख्या**–21 अगस्त, 1857 को एरिनपुरा में विद्रोह प्रारंभ हुआ।

- इस विद्रोह में जोधपुर लीजियन ने मोतीखाँ, सूबेदार शीतल प्रसाद व तिलकराम के नेतृत्व में बिगुल बजा दिया।

☛ **राजस्थान में 1857 की क्रांति के दौरान आऊवा से क्रांति का नेतृत्व किसने किया–**

(1) तिलकराम (2) ठाकुर कुशाल सिंह
(3) मेहराब खां (4) लाला जयदयाल (2)

☛ **बिठौड़ा का युद्ध कब हुआ?**

(1) 18 सितम्बर, 1857 (2) 8 सितम्बर, 1857
(3) 28 सितम्बर, 1857 (4) 21 अगस्त, 1857 (2)

**व्याख्या**–आउवा, आसोप, आलनियावास, लाम्बिया, गूलर, रूढाबास, परगनो के सैनिकों ने 8 सितम्बर, 1857 ई. को बिठौडा (पाली) में कैप्टन हीथकोट व जोधपुर महाराजा तख्त सिंह की सेना को पराजित किया।

- इस युद्ध में ओनाडसिंह तथा हीथकोट मारे गये और इसमें क्रांतिकारियों की विजय होती है।

☛ **चेलावास का युद्ध कब हुआ?**

(1) 8 सितम्बर, 1857 (2) 18 सितम्बर, 1857
(3) 21 अगस्त, 1857 (4) 15 अगस्त, 1857 (2)

**व्याख्या**–18 सितम्बर, 1857 को क्रांतिकारियों तथा जोधपुर के पॉलिटिकल एजेंट मोकमैसन के बीच चेलावास का युद्ध हुआ।

- इस युद्ध में मोकमैसन का सिर काटकर आऊवा किले के दरवाजे पर लटका दिया।
- चेलावास के युद्ध को 'कालों व गोरों का युद्ध' कहा जाता है।

☛ **कोटा में 1857 की क्रांति की शुरूआत किस तिथि से हुई?**

(1) 8 सितम्बर, 1857 (2) 3 जून, 1857
(3) 21 अगस्त, 1857 (4) 15 अक्टूबर, 1857 (4)

**व्याख्या**–कोटा में क्रांति की शुरूआत 15 अक्टूबर, 1857 ई. को लाला जयदयाल व मेहराब अली खाँ के द्वारा की गई।

- राजस्थान में सबसे पहले सुनियोजित व सुनियंत्रित क्रांति कोटा में हुई।

☛ **कोटा के किस शासक को क्रांतिकारियों ने कोटा दुर्ग में कैद किया?**

(1) महाराव भीमसिंह (2) महाराव रामसिंह द्वितीय
(3) महाराव मदन सिंह (4) महाराव भगवंत सिंह (2)

**व्याख्या**–क्रांतिकारियों ने कोटा महाराव रामसिंह द्वितीय को महल में नजरबंद कर दिया तथा राज्य के तोपखाने पर अधिकार कर लिया।

- कोटा को क्रांतिकारियों से मुक्त करवाने हेतु करौली शासक मदनपाल ने भी अंग्रेजों की सहायता के लिए सेना भेजी थी। जिसके बदले में उन्हें उपहार स्वरूप सर्वाधिक 17 तोपों की सलामी और सन् 1866 में G.C.S.I.(जी.सी.एस.आई.) की पदवी दी है।

## राजस्थान की हर प्रतियोगी परीक्षा हेतु उपयोगी

❖ राजस्थान सामान्य ज्ञान के नोट्स डाउनलोड करने के लिए नीचे दिए गए इमेज पर क्लिक करें --

❖ राजस्थान की विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के लिए अति महत्वपूर्ण नोट्स Free डाउनलोड :-

❖ राजस्थान कला एवं संस्कृति, भूगोल, इतिहास सभी के नोट्स Free डाउनलोड करने का एकमात्र Google वेबसाइट :- *Rajasthanclasses.in*

# राजस्थान सामान्य ज्ञान

कला संस्कृति, भूगोल, इतिहास संपूर्ण राजस्थान जीके

- सभी टॉपिक वाइज नोट्स व प्रश्नोत्तरी PDF
- सभी भर्ती परीक्षाओं हेतु उपयोगी PDF

## राजस्थान GK All PDF's

Rajasthanclasses.in

हर भर्ती की न्यूज सबसे पहले..
यहां उपलब्ध रहेगी

Latest News : Get Link

अन्य किसी भी प्रकार की PDF's के लिए
गूगल सर्च करें या क्लिक करें

Google

rajasthanclasses.in

Telegram
चैनल
ज्वॉइन करें

YouTube पर
ऑनलाइन क्लासेज भी देखें

हिंदी व्याकरण GK
महत्वपूर्ण प्रश्नों की PDF
PDF : Get Link

भारत सामान्य ज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की PDF
PDF : Get Link

विज्ञान सामान्य ज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की PDF
PDF : Get Link

राजस्थान GK 2025
महत्वपूर्ण प्रश्नों की PDF
PDF : Get Link

राजस्थान GK 2025
नोट्स PDF ....
PDF : Get Link

Click Here : Get More PDF